सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **260**
19/03/2026

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय शाखा के गतिविधियों की जानकारी ली

पटना 19 मार्च, 2026 :– माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने राज्यपाल सचिवालय के विश्वविद्यालय शाखा के क्रियाकलापों और कार्य प्रक्रियाओं की जानकारी ली तथा महत्वपूर्ण निदेश दिये।

इस अवसर पर उपस्थित उच्च शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी ने आधारभूत संरचनाओं की स्थिति सहित राज्य सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो तथा प्रस्तावित नीतिमूलक कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत रूप से बताया।

राज्यपाल ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक सहयोग करने को कहा।

बैठक में प्रधान सचिव डॉ० रॉबर्ट एल० चोंग्थू, विश्वविद्यालय शाखा से जुड़े पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण तथा उच्च शिक्षा विभाग के पदाधिकारी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....